समाचार

उपअभियंता चयनित उम्मीद्वारों का दस्तावेज सत्यापन 17 दिसम्बर तक

कोरबा 05 दिसम्बर 2020 –संयुक्त भर्ती परीक्षा के माध्यम से चयनित कर शासन द्वारा उप अभियंता सिविल के तीन पद नगर पालिक निगम कोरबा को आबंटित किए गए हैं, जिनमें श्री आशीष अमन भगत पिता श्री सुधीनराम भगत अ.ज.जा. निवासी बोहिदार गली रामभांठा रायगढ़ जिला–रायगढ़ (छ.ग.), श्रीकांत सिंह ठाकुर पिता श्री आदित्य सिंह ठाकुर अ.ज.जा. निवासी अटल चौक के पास देवरी पोस्ट बतौली जिला–सरगुजा (छ.ग.) तथा श्री विकास कुमार सिंह पिता श्री रामसिंह अ.ज.जा. क्वा. नम्बर ई–8 सिंचाई कालोनी नेहरू चौक कुदुदण्ड बिलासपुर (छ.ग.) आदि चयनित उम्मीद्वार शामिल हैं। शासन के आदेशानुसार इन चयनित उम्मीद्वारों का दस्तावेज सत्यापन 17 दिसम्बर 2020 तक निगम कार्यालय साकेत में किया जाना हैं। आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने इन चयनित उम्मीद्वारों को निर्देशित किया है कि वे 17 दिसम्बर 2020 तक कार्यालयीन समय अवधि में नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य कार्यालय साकेत भवन के स्थापना शाखा में समस्त मूल दस्तावेज एवं स्वयं द्वारा सत्यापित दस्तावेजों की दो प्रति सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें, अनुपस्थित की स्थिति में संबंधित उम्मीद्वार स्वयं जिम्मेदार होंगे।